भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2446
बुधवार, 16 मार्च, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

डॉपलर रडार

2446. श्री दयानिधि मारन:

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पोर्ट ट्रस्ट शताब्दी भवन में चेन्नई के डॉपलर रडार का मरम्मत कार्य कब तक पूरा होने की उम्मीद है;
(ख) प्रगति का वर्तमान चरण क्या है और मंत्रालय द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं कि परियोजना जल्द से जल्द पूरी हो जाए; और
(ग) इन मरम्मत कार्यों में तेजी लाने में किन कठिनाइयों, यदि कोई हों तो, का सामना करना पड़ रहा है?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) डॉपलर मौसम रडार (डीडब्ल्यूआर) चेन्नई के नवीनीकरण का कार्य अंतरिक्ष विभाग के तहत इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क (ISTRAC), इसरो को सौंपा गया था। ISTRAC के पर्यवेक्षण में सामान्य संचालन के लिए रडार प्रणाली को बनाने का कार्य प्रगति पर है।

हालांकि, इसरो द्वारा गियर असेंबली के निर्माण और संस्थापना के लिए भारतीय विक्रेता को कार्य आदेश अभी दिया जाना है। खराब मैकेनिकल कलपुर्जों को बदलने और DWR चेन्नई की सर्विसिंग में लगभग 7 महीने का समय लगेगा।

(ख) इसरो की मदद से अब रोलर बेयरिंग को बदल दिया गया है। कलपुर्जों को बदलने से रडार को कुछ घंटों के लिए काम करने में सक्षम बनाया है, लेकिन यह चौबीसों घंटे संचालित नहीं हो सकता है। इसलिए, इस रडार को तभी संचालित किया जा रहा है, जबचक्रवात का पता लगाना हो और/या प्रतिकूल मौसम घटना की निगरानी करनी हो।

(ग) पिछले एक साल से,पैडस्टल में गियर और बेयरिंग में मैकेनिकल प्रणालियों में टूट-फूटके कारण रडार की एंटीना प्रणाली में समस्या आ रही है। चूँकि मॉडल का कार्यकाल खत्म हो चुका है, इसलिए एंटीना प्रणाली के कलपुर्जे ओईएम के पास उपलब्ध नहीं हैं। चौबीसों घंटे काम करने के लिए, गियर के कलपुर्जों की मरम्मत की आवश्यकता है, इसलिए इसरो की मदद से ऐसे गियर बॉक्स के डिजाइन और निर्माण के प्रयास चल रहे हैं।

*****